**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 23**
**जिसका उत्तर 02 फरवरी, 2022 को दिया जाना है**

**कोयला उत्पादन**

**23. श्रीमती गीता कोडा:**
**श्रीमती रीती पाठक:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**
**श्री जुगल किशोर शर्मा:**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:**
**श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोल इंडिया लिमिटेड विद्युत क्षेत्र की बढ़ती हुई कोयले की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है;

(ख) यदि हां, तो क्या कंपनी कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लिए आपूर्ति में वृद्धि करने हेतु उत्पादन में वृद्धि करने पर जोर दे रही है;

(ग) क्या देश में कोयला आधारित विद्युत उत्पादन का एक बड़ा प्रतिशत कोल इंडिया लिमिटेड की आपूर्ति पर निर्भर करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या कोल इंडिया लिमिटेड की कोयला खानों में पर्याप्त कोयला है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क) :** चालू वित्त वर्ष में, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा 439.37 मिलियन टन (मि.ट.) (26 जनवरी, 2022 तक) की यथानुपातिक मांग की तुलना में, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 432.90 मि.ट. कोयले की आपूर्ति की है, जो पिछले वर्ष की उसी अवधि के 351.57 मि.ट. की तुलना में लगभग 99% उपलब्धि है, तथा पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में 23% की वृद्धि है।

इसके अलावा, 25.01.2022 तक, सीआईएल के पास 34 मि.ट. से अधिक का भंडार है और चालू वित्त वर्ष के आने वाले दिनों में उत्पादन में वृद्धि के साथ, चालू वित्त वर्ष के शेष दिनों में भंडार में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

**(ख) :** सीआईएल ने वर्ष 2022-23 में 700 मिलियन टन उत्पादन करने की योजना बनाई है। उपरोक्त नियोजित उत्पादन की तुलना में, सीआईएल द्वारा वर्ष 2022-23 में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण/विद्युत मंत्रालय द्वारा दी गई अनुमानित मांग के अनुसार विद्युत क्षेत्र को 591.4 मिलियन टन की आपूर्ति करनी है।

**(ग) :** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा विद्युत क्षेत्र की मांग के अनुमानों के अनुसार, सीआईएल द्वारा विद्युत क्षेत्र को 723.3 मि.ट. की कुल आवश्यकता में से 548 मि.ट. अर्थात् चालू वित्त वर्ष में आवश्यकता के 76% कोयले की आपूर्ति करनी है। आने वाले वर्ष 2022-23 में, सीआईएल को 727.4 मि.ट. की कुल आवश्यकता में से विद्युत क्षेत्र के लिए 591.4 मि.ट. अर्थात् 81% की आवश्यकता बताई गई है।

**(घ) :** कोल इंडिया लिमिटेड का कच्चा कोयला भंडार पर्याप्त है। 01.04.21 और 01.04.20 की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी-वार विक्रय योग्य प्रारंभिक कच्चा कोयला भंडार नीचे दिया गया है:

| **सहायक कंपनी** | **प्रारंभिक कच्चा कोयला भंडार (मिलियन टन)** | |
|---|---|---|
| | **01.04.21** | **01.04.20** |
| ईसीएल | 6.30 | 3.34 |
| बीसीसीएल | 3.88 | 2.35 |
| सीसीएल | 10.49 | 13.30 |
| एनसीएल | 10.40 | 4.00 |
| डब्ल्यूसीएल | 14.88 | 14.30 |
| एसईसीएल | 29.61 | 17.79 |
| एमसीएल | 23.57 | 19.76 |
| एनईसी | 0.00 | 0.05 |
| सीआईएल | 99.13 | 74.89 |

*****